साप्ताहिक न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक



## महत्वपूर्ण एवं खास

### ब्रिटेन के स्कूल में टॉप करने वाला भारतीय छात्र गायब

**लंदन (आरएनएस)।** ब्रिटेन के किंग हेनरी इंडिपेंडेंट स्कूल में पढ़ने वाला 15 वर्षीय भारतीय छात्र अभिमन्यु चौहान बीते शुक्रवार से गायब है। बताया जा रहा है कि उसने एक अभ्यास टेस्ट में कथित रूप से चोरी कर शत-प्रतिशत नंबर हासिल किए थे। इसमें पकड़े जाने के डर से वह कहीं चला गया। अभिमन्यु को आखिरी बार उसकी मां नवनीत ने देखा था। शुक्रवार को वह खुद उसे स्कूल छोड़ने गई थीं। पुलिस अधिकारियों ने उसके बारे में जानकारी देते हुए आसपास के लोगों से अपील की है कि अगर उन्हें अभिमन्यु की तरह दिखने वाला कोई बच्चा दिखाई दे तो वह पुलिस को जरूर सूचित करें। एक सीसीटीवी फुटेज में उसे शहर के एक पेट्रोल पंप के पास बैग लेकर जाते देखा गया है। पुलिस का कहना है कि अभिमन्यु किसी मुसीबत में नहीं है लेकिन वह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि बच्चा सुरक्षित है। पुलिस के साथ ही बच्चे के दोस्त, रिश्तेदार और स्कूल प्रशासन भी उसकी खोज में जुटे हैं। अभिमन्यु के पिता वरिंदर चौहान ने कहा, 'वह कभी ऐसा नहीं करता। अब चार दिन हो गए हैं इसलिए हम अधिक चिंतित हैं। हम बस उसे सुरक्षित वापस लाना चाहते हैं।

### 226 साल में पहली बार कोई महिला बनी एनवाईएसई चीफ

**न्यूयॉर्क (आरएनएस)।** न्यूयॉर्क स्टॉक एक्सचेंज (एनवाईएसई) के 226 साल के इतिहास में पहली बार कोई महिला एक्सचेंज की प्रमुख बनने जा रही है। एनवाईएसई ट्रेडिंग फ्लोर पर क्लर्क के रूप में अपने करियर की शुरुआत करने वाली स्टेसी कनिंघम एक्सचेंज की 67 वीं अध्यक्ष होंगी। इस समय एनवाईएसई ग्रुप की मुख्य परिचालन अधिकारी कनिंघम शुक्रवार से एनवाईएसई की अध्यक्ष बनेंगी। एनवाईएसई के मौजूदा अध्यक्ष थॉमर्स फार्ले एक्सचेंज छोड़ रहे हैं। वह एक विशेष अधिग्रहण कंपनी के प्रमुख पद की जिम्मेदारी संभालेंगे।

### बैंक की गलती के कारण अरबपति बना चाय वाला

**हरदोई (आरएनएस)।** मध्यमवर्गीय परिवार का चाय वाला देखते ही देखते खरबपति बन गया। खाते में खरबों रुपये का मैसेज देख उसकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा। यह खुशी करीब आधे घंटे तक रही। बाद में बैंक ने भूल सुधार करते हुए उसके खाते से धनराशि वापस ट्रांसफर कर ली। बैंक प्रबंधन का कहना है कि ऐसा गलती से हो गया और उसे सही कर लिया गया। उप्र के हरदोई शहर के अशराफ टोला निवासी पिंटू हरदोई प्राइवेट रोडवेज बस अड्डे पर चाय की दुकान चलाते हैं। मंगलवार दोपहर इलाहाबाद बैंक के खाते से रुपया निकाला था, जिसका मैसेज आया। मैसेज में बैलेंस 148 खरब 85 अरब 53 करोड़ रुपये दिखाया गया। इस मैसेज को देख चाय वाले की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। कई लोगों को इस बारे में जानकारी दी। हालांकि बैंक कर्मचारियों ने अपनी गलती का एहसास करते हुए उसके खाते से करीब 30 मिनट बाद धनराशि वापस कर ली। बाद में पुनः आए मैसेज में उसके खाते में मात्र 1789 रुपये दर्शाए गए, जिससे उसकी खुशियां काफूर हो गई। इस संबंध में अग्रणी जिला प्रबंधक बीएन शुक्ला ने बताया कि गलती दुरुस्त कर ली गई है।

### जंगल में लगी आग से बेजुबानों पर संकट, खाली कराए गए स्कूल

**देहरादून (आरएनएस)।** इन दिनों छह राष्ट्रीय पार्क, सात अभयारण्य और चार कंजर्वेशन रिजर्व वाला उत्तराखंड इन दिनों जंगलों की आग से हलकान है। 71 फीसद वन भूभाग वाले राज्य में जंगल सुलग रहे हैं। इससे वन संपदा को तो खासा नुकसान पहुंच ही रहा है, बेजुबान भी जान बचाने को इधर-उधर भटक रहे हैं। यही नहीं, वन्यजीवों के आबादी के नजदीक आने से मानव और इनके बीच संघर्ष तेज होने की आशंका से भी इन्कार नहीं किया जा सकता। ऐसे में जंगल की दहलीज पार करते ही उनके शिकार की भी आशंका है। हालांकि, दावा है कि राज्यभर में गांवों, शहरों से लगी वन सीमा पर चौकसी बढ़ा दी गई है। साथ ही जंगल में वन्यजीवों के लिए पानी की व्यवस्था करने पर ध्यान केंद्रित किया गया है। राजाजी व कार्बेट टाइगर रिजर्व से लेकर उच्च हिमालयी क्षेत्र में स्थित केदारनाथ वाइल्ड लाइफ सेंचुरी तक के जंगल आग की गिरफ्त में हैं। न सिर्फ संरक्षित क्षेत्र, बल्कि अन्य वन प्रभागों में सभी जगह जंगल सुलग रहे हैं।

### डिवाइडर से टकराकर बस में लगी आग, बाल-बाल बचे 50 यात्री

**लखनऊ (आरएनएस)।** लखनऊ एक्सप्रेसवे पर बुधवार को चलती बस के डिवाइडर से टकराने पर भीषण आग लग गई। बस में सवार 50 यात्री अंदर ही फंस गए। किसी तरह उन्होंने बाहर निकलकर अपनी जान बचाई। सूचना पर करीब आधे घंटे बाद दमकल की टीम मौके पर पहुंची। आग को काबू में करने का प्रयास किया गया। घटना में करीब आधा दर्जन यात्री चोटिल हुए। दरअसल, लखनऊ से 50 यात्रियों का दल बालाजी दर्शन के लिए निकला था। सुबह 6:30 बजे फतेहाबाद क्षेत्र में माइलस्टोन-29 पर चालक की आंख लग गई। जिसके चलते बस डिवाइडर से जा टकराई। हादसे में बस के आगे के पहिये अलग होकर निकल गए।

# तूतीकोरिन में धारा 144 लागू, गृह मंत्रालय ने मांगी रिपोर्ट

## फायरिंग से 11 लोगों की मौत के बाद इलाके में बना हुआ है तनाव

**चेन्नै (आरएनएस)।** तमिलनाडु के तूतीकोरिन में वेदांता स्टरलाइट कॉपर यूनिट के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे लोगों पर पुलिस की कार्रवाई के दौरान हुई फायरिंग से 11 लोगों की मौत के बाद इलाके में तनाव बना हुआ है। पुलिस ने एक बार फिर प्रदर्शनकारियों पर आंसू गैस के गोले छोड़े हैं। हिंसक घटना के बाद यहां सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। पूरे शहर में धारा 144 लगा दी गई है। गृह मंत्रालय ने भी तमिलनाडु सरकार से मंगलवार को हुई घटना पर रिपोर्ट तलब की है।



### कमल हासन को करना पड़ा गुस्से का सामना

अभिनेता से नेता बने कमल हासन ने भी तूतीकोरिन जाकर घायलों से मुलाकात की। हालांकि उन्हें लोगों के भारी गुस्से और विरोध का सामना करना पड़ा। लोगों ने हासन से कहा कि आप तुरंत यहां से चले जाइए, आपकी वजह से हम लोगों को दिक्कत हो रही है। कमल हासन ने बाद में हॉस्पिटल में घायलों से मुलाकात की। उन्होंने कहा, 'हमें यह पता चलना चाहिए कि किसने पुलिस वालों को गोली चलाने का आदेश दिया। यह मांग मेरी नहीं बल्कि पीड़ितों की है। केवल मुआवजे की घोषणा से ही काम नहीं चलेगा। यह इंडस्ट्री बंद होनी चाहिए और यहां के लोग भी यही मांग कर रहे हैं।'

### डीएमके ने किया बंद का ऐलान


वहीं प्रमुख विपक्षी पार्टी डीएमके ने 11 लोगों की हत्या के विरोध में 25 मार्च को सभी पार्टियों के सामूहिक प्रदर्शन का ऐलान किया है। इसके साथ ही द्रविड़ मुन्नेत्र कषगम (एमडीएमके) के अध्यक्ष वाइको ने प्रदर्शन में घायल हुए लोगों से हॉस्पिटल जाकर मुलाकात की। वहीं सीपीएम ने विरोध प्रदर्शन करते हुए मार्च निकाला।

### 'दोषी पुलिसवालों पर चले मर्डर का मुकदमा'

पत्तली मक्कल कात्ची पार्टी के अन्बूमनी रामादौस ने कहा, 'तूतीकोरिन में जो हुआ वो साफतौर पर पुलिस की तरफसे की गई हत्या है। दोषी पुलिसकर्मियों को मर्डर का मुकदमा चलना चाहिए और इसके साथ ही एसपी, डीजीपी, कलेक्टर और चीफ सेक्रेटरी को निलंबित कर देना चाहिए। मुख्यमंत्री के पलानिसामी को भी नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए।' तमिलनाडु मेडिकल एजुकेशन के निदेशक डॉक्टर ए. एडविन जोए ने बताया, 'अभी तक हमारे हॉस्पिटल में 42 लोगों को भर्ती किया जा चुका है।

## सिंधु जल संधि पर वर्ल्ड बैंक गए पाकिस्तान को मिली निराशा

**वाशिंगटन (आरएनएस)।** सिंधु जल संधि पर भारत से नाराज चल रहे पाकिस्तान ने वर्ल्ड बैंक का दरवाजा खटखटाया था लेकिन वहां से भी उसे निराशा हाथ लगी है। 21 मई और 22 मई को सिंधु जल संधि पर चार सदस्यीय पाकिस्तानी प्रतिनिधि और वर्ल्ड बैंक के बीच हुए बैठक में कोई समझौता नहीं हो सका। इस बात की पुष्टि खुद वर्ल्ड बैंक ने की है। वर्ल्ड बैंक ने इस बैठक के दौरान पाकिस्तानी प्रतिनिधियों से कहा कि इस मसले पर उनकी भूमिका सीमित और प्रक्रियात्मक है। हालांकि, बैंक ने यह भी कहै कि यह दोनों देशों के साथ संधि प्रावधानों के अनुरूप मुद्दों को हल करने के लिए काम करना जारी रखेगा। वर्ल्ड बैंक ने इस दौरान जम्मू कश्मीर के बंदीपोरा जिले में किशनगंगा हाइड्रोइलेक्ट्रिक प्लांट के हालिया उद्घाटन पर भी चिंता व्यक्त की। इसके पहले 18 मई को पाकिस्तान के विदेश मंत्री ने भारत के दिवारा निर्माण किये जा रहे हाइड्रोइलेक्ट्रिक प्लांट को लेकर चिंता जताई थी और भारत पर ये आरोप लगाया था कि वह जल संधि का उल्लंघन कर रहा है।



## टीवी शो में पीटीआई नेता ने पाकिस्तानी केंद्रीय मंत्री को मारा थप्पड़

**इस्लामाबाद (आरएनएस)।** पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के नेता नईमुल हक ने मंगलवार को एक टीवी शो के दौरान अपना आपा खोते हुए केंद्रीय मंत्री को थप्पड़ मार दिया। बता दें कि हक ने यह थप्पड़ पाकिस्तान के केंद्रीय मंत्री और पाकिस्तान मुस्लिम लीग (नवाज) के नेता दानियाल अजीज को मारा है। इस घटना का विडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

मंगलवार को हक और अजीज पाकिस्तानी न्यूज चैनल जियो टीवी के कार्यक्रम 'आपस की बात' में गेस्ट के तौर पर पहुंचे थे। इस शो को मुनीब फारूक होस्ट कर रहे थे। फारूक के मुताबिक, दोनों नेता (हक और अजीज) जियो टीवी के इस्लामाबाद स्थित स्टूडियो में मौजूद थे, जबकि फारूक लाहौर के स्टूडियो से ऐंकरिंग कर रहे थे। सोशल मीडिया पर शेयर की जा रही 'आपस की बात' की एक क्लिप में देखा जा सकता है।

## 10 महिला कर्मचारियों ने लगाया मैकडोनाल्ड के खिलाफ यौन उत्पीड़न का आरोप

**न्यूयॉर्क (आरएनएस)।** मी टू मूवमेंट से प्रेरित होकर अमेरिका में दो राष्ट्रीय वकालत समूह की तरफसे नौ शहरों के फास्ट फूड रेस्टुरेंट में काम करनेवाली महिला कर्मचारियों की शिकायत पर यौन उत्पीड़न का केस दर्ज कराया है। इनमें एक सेंट लुईस की रहनेवाली है जिसकी उम्र 15 साल है। इसने अपने सुपरवाइजर के खिलाफ जबरदस्ती छूने, सेक्स का प्रस्ताव देने और घटिया कमेट करने का आरोप लगाया है। शिकायतकर्ताओं के मुताबिक, जब महिलाओं ने उत्पीड़न की शिकायत की तो उसे या तो अनदेखा कर दिया गया या फिर कुछ मामलों में उसे उसके विरोध का सामना करना पड़ा। इलिनोइस के ओअक ब्रूक में कंपनी के एनुअल शेयरहोल्डर की बैठक से दो दिन पहले यूएस इक्वल इम्पाइमेंट अपर्चूनिटी कमिशन में दाखिल की गई शिकायत के बारे में मंगलवार को घोषणा की गई है। इस आरोप पर मैकडोनाल्ड के प्रवक्ता टेरी हिके ने कहा कि कार्यस्थल पर उत्पीड़न और भेदभाव की कोई जगह नहीं है।

# कॉलेज ने हिजाब पहनने पर लगाई रोक, तो अदालत पहुंची छात्रा

**मुंबई (आरएनएस)।** होम्योपैथी की एक छात्रा ने कम उपस्थिति के कारण कॉलेज द्वारा लिखित परीक्षा में शामिल होने से रोके जाने के खिलाफ बंबई उच्च न्यायालय में याचिका दायर की है। इस छात्रा ने दावा किया है कि उसे हिजाब पहन कर कक्षा में आने से रोक देने की वजह से उसकी उपस्थिति कम हुई है। बांद्रा की रहने वाली फकिहा बादामी ने याचिका में दावा किया है कि उसकी उपस्थिति कम है क्योंकि उसे हिजाब पहन का कक्षा में उपस्थित होने से रोक दिया गया। मामला साई होम्योपैथी मेडिकल कॉलेज का है, जो कि ठाणे जिले में भिवंडी उपनगर में स्थित है।



याचिकाकर्ता ने दावा किया है कि कॉलेज ने अपने परिसर में सभी मुस्लिम छात्राओं के हिजाब पहनने पर रोक लगा रखी है। याचिका के मुताबिक, बादामी ने कॉलेज के बैचलर ऑफ होम्यापैथिक मेडिसिन एंड सर्जरी पाठ्यक्रम में 2016 में नामांकन कराया था। यह कॉलेज महाराष्ट्र यूनिवर्सिटी ऑफ हेल्थ सर्विसेज (एमयूएचएस) से संबद्ध है। याचिका के अनुसार छात्रा ने एमयूएचएस और आयुष मंत्रालय (आयुर्वे, योग और प्राकृतिक चिकित्सा यूनानी, सिद्ध और होम्योपैथी) को पत्र लिखे थे, जिसमें कॉलेज से कहा गया कि वह इस मुद्दे को सुलझायें। मंत्रालय ने यह भी कहा कि कॉलेज छात्रा को हिजाब नहीं पहनने के लिये बाध्य नहीं कर सकता। परंतु कालेज ने उसकी बात नहीं मानी। छात्रा सबसे पहले नवंबर 2017 में उच्च न्यायालय पहुंची थी। उस समय भी उसे परीक्षाओं में भाग लेने की अनुमति नहीं दी गयी थी। याचिका के अनुसार उस समय कॉलेज ने उच्च न्यायालय से कहा था कि उसे 2018 की गर्मी में आयोजित होने वाली परीक्षाओं में शामिल होने की अनुमति दी जाएगी।

## नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को 7 साल की कैद

**देहरादून (आरएनएस)।** नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में आरोपित को दोषी पाते हुए विशेष न्यायाधीश पोक्सो रमा पांडे ने दोषी को सात साल कैद की सजा सुनाई है। साथ ही दस हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। मामला वर्ष 2014 में नेहरू कॉलोनी थाना क्षेत्र में प्रकाश में आया था। अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक पोक्सो भरत सिंह नेगी ने अदालत को बताया कि घटना 3 अगस्त 2014 की है। ओम विहार में रहने वाले एक शख्स ने पुलिस को बताया कि उसकी नाबालिग बेटी लापता हो गई है। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के दौरान पता चला कि क्षेत्र में ही सैलून चलाने वाला आसिफ नाबालिग को भगा ले गया है। आसिफ मूल रूप से ग्राम रंगावाला, बिजनौर का रहने वाला था। नाबालिग की बरामदगी और आरोपित की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस टीम आरोपित के गांव बिजनौर पहुंची। यहां पता चला कि आसिफ नाबालिग को लेकर मुंबई चला गया है। जिसके बाद पुलिस टीम ने 19 सितंबर 2014 को आरोपित आसिफ को मुंबई से गिरफ्तार कर नाबालिग को बरामद कर लिया। नाबालिग के मेडिकल में उसके साथ दुष्कर्म की पुष्टि हुई। मजिस्ट्रेटी बयान में भी नाबालिग ने यही बात कही। अदालत में अपने बयान में आरोपित आसिफ ने कहा कि उनके बीच जो कुछ भी हुआ वह सहमति से हुआ है।

## पाकिस्तान के नापाक हरकत के कारण लाखों कश्मीरी घर छोड़ने को मजबूर

**जम्मू (आरएनएस)।** जम्मू संभाग में अंतराष्ट्रीय सीमा पर पाकिस्तान की लगातार हो रही भारी गोलाबारी में बुधवार को 5 लोगों की मौत हो गई। वहीं तीन सीमा प्रहरियों समेत 11 लोग घायल हैं। पंजाब के पठानकोट से सटे कठुआ से लेकर जम्मू जिले के अखनूर तक करीब दो सौ किलोमीटर लंबी आईबी पर तीन दर्जन से अधिक भारतीय चौकियों और रिहायशी इलाकों पर भारी गोलाबारी जारी है। मंगलवार को भारी गोलाबारी में सांबा जिले में दो, जम्मू जिले के आरएसपुरा में दो व कठुआ जिले के हीरानगर में एक व्यक्ति की मौत हो गई। सीमा पर 14 मई से पाकिस्तान की ओर से की जा रही तेज गोलाबारी में अब तक दो बीएसएफ जवानों समेत 12 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 54 लोग घायल हुए हैं। सांबा के बैन ग्लाड़ इलाके में सुबह पाकिस्तान की ओर से दागे गए गोलों में आठ वर्षीय बच्ची कृष्ण पुत्री विजय कुमार व 37 वर्षीय शामो देवी पत्नी गोरखा की मौत हो गई। क्षेत्र में घायल हुए लोगों की पहचान पूजा देवी, चंपा देवी, शिवराज, परी व शिवम के रूप में हुई है।



# पाक ने फिर तोड़ा सीजफायर, फायरिंग में 4 की मौत

**जम्मू (आरएनएस)।** रमजान के महीने में भी पाकिस्तान अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। कुछ दिन पहले बीएसएफ की जवाबी कार्रवाई से सहमे पाक ने गोलाबारी रोकने का अनुरोध किया था पर एक बार फिर उसने दुस्साहस दिखाया है। जम्मू-कश्मीर के अलग-अलग इलाकों में पाकिस्तान की ओर से की जा रही फायरिंग में बुधवार को 4 लोगों की मौत और 20 लोगों के घायल होने की खबर है। गोलाबारी के कारण दहशत में जी रहे सीमावर्ती गांवों से 40 हजार लोगों को पलायन के लिए मजबूर होना पड़ा है। पाकिस्तानी सैनिकों द्वारा जम्मू , कठुआ और सांबा जिलों में अंतरराष्ट्रीय सीमा से लगे भारतीय गांवों और सीमा चौकियों पर आज मॉर्टार से गोले दागे गए और जमकर गोलीबारी की गई। पाक गोलाबारी में 8 साल के बच्चे की भी मौत हो गई है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि सांबा में आज सुबह 9 बजे शुरू हुई गोलीबारी में 2 लोगों की मौत हो गई और 6 अन्य घायल हो गए। पाकिस्तानी रेंजरों ने कठुआ जिले में आवासीय इलाकों और चौकियों को भी निशाना बनाया।



## पेंशन की लालच में बेटों ने छिपा रखी थी मां की लाश

**वाराणसी (आरएनएस)।** उत्तर प्रदेश के वाराणसी में इंसानियत को शर्मसार कर देने वाला मामला सामने आया है, जहां एक महिला की मौत के बाद उनकी लाश को उनके बेटों ने पिछले 5 महीनों से घर में छिपा कर रखा हुआ था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी के भेलूपुर थाना अंतर्गत कबीर नगर कॉलोनी में में यह मामला सामने आया है। यहां के सोनिका पार्क के पास के एक मकान में रहने वाली महिला की मौत पांच महीने पहले ही हो गई थी। वह सरकारी नौकरी से रिटायर हो चुकी थीं और पेंशनभोगी थीं। महिला की मौत के बाद उनके लड़कों ने पेंशन का पैसा लेने के लालच में लाश को पिछले 5 महीने से घर में छिपाकर रखा था।